**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1075**
**दिनांक 5 फरवरी, 2026**

**2जी इथेनॉल संयंत्रों का कार्य-निष्पादन**

1075. श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषादः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्राज इंडस्ट्रीज की प्रौद्योगिकी पर आधारित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) पानीपत रिफाइनरी में स्थापित 2जी इथेनॉल संयंत्र की अनुमोदित और वास्तविक पूंजी लागत और मद-वार व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त संयंत्र की संस्थापित उत्पादन क्षमता, वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ तिथि और उक्त संयंत्र के चालू होने के बाद से वर्ष-वार/तिमाही-वार वास्तविक उत्पादन और क्षमता उपयोग का प्रतिशत कितना है;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि पानीपत 2जी इथेनॉल संयंत्र का उत्पादन लगातार अपनी डिजाइन क्षमता से कम रहा है और यदि हां, तो इसके तकनीकी और परिचालन संबंधी कारण क्या हैं;

(घ) बठिंडा, ओडिशा, असम और हरियाणा सहित अन्य स्थानों पर अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा स्थापित 2जी इथेनॉल संयंत्रों की क्षमता लागत, संयंत्र चालू करने की तिथि और वास्तविक उत्पादन का ब्यौरा क्या है और यदि हां, तो संयंत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या प्रदर्शन में गारंटी देने के बावजूद लक्ष्य प्राप्त करने में विफलता के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाताओं या इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) ठेकेदारों पर कोई जुर्माना लगाया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ग): सरकार ने देश में लिग्नोसेलुलोजिक बायोमास और अन्य नवीकरणीय फीडस्टॉक का उपयोग करके उन्नत जैवईंधन परियोजनाएँ लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के निमित्त “प्रधानमंत्री जी-वन (जैव

ईंधन – वातावरण अनुकूल फसल अवशेष निवारण) योजना", 2019, वर्ष 2024 में संशोधित, को अधिसूचित किया है।

इस योजना के अन्तर्गत, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा पानीपत (हरियाणा) में लगाए गए 2जी वाणिज्यिक इथेनॉल संयंत्र ने दिनाँक 11.11.2023 को वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ कर दिया है। परियोजना की संस्वीकृत पूँजीगत लागत 909 करोड़ रुपये ±10% है, जबकि आईओसीएल द्वारा किया गया कुल खर्च 984 करोड़ रुपये है। संयंत्र की इथेनॉल उत्पादन की स्थापित क्षमता 100 किलो लीटर प्रति दिन (केएलपीडी) है। खर्च सहित मद-वार प्रमुख पैकेज का विवरण और संयंत्र का तिमाही-वार, वर्ष-वार उत्पादन क्रमशः अनुलग्नक-**I** और अनुलग्नक-**II** में दिया गया है।

2जी इथेनॉल संयंत्र भारत में लगाया गया अपनी तरह का पहला संयंत्र है। नमी और सिलिका अवयव के मामले में पुआल की गुणवत्ता में बदलाव डाउनस्ट्रीम ट्रीटमेंट खंड को प्रभावित करता है और इससे जुड़ी यांत्रिक समस्याएं पैदा करता है। आईओसीएल इन समस्याओं को हल करने के लिए प्रौद्योगिकी प्रदाता, मेसर्स प्राज इंडस्ट्रीज के साथ लगातार मिलकर काम कर रहा है। दिसंबर 2025 में, नवंबर-दिसंबर, 2025 की अवधि के दौरान प्रसंस्कृत एवं यांत्रिक चुनौतियों से निपटने के लिए हाल ही में किए गए बदलावों के बाद संयंत्र अपनी प्रारूपित क्षमता के 62% पर प्रचालित हुआ। जैसे-जैसे चल रही और पूरी हो चुकी परियोजनाओं का अनुभव मिलेगा, ये संयंत्र स्थिर हो जाएंगे।

(घ) अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के वाणिज्यिक स्तर के 2जी इथेनॉल संयंत्र को भी पीएम जी-वन योजना के अन्तर्गत मंज़ूरी दी गई है। ये हैं (i) नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी, असम बायो इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड (एबीईपीएल) के माध्यम से असम के नुमालीगढ़ में 185 केएलपीडी बांस-आधारित 2जी इथेनॉल संयंत्र, जिसका उद्घाटन सितंबर, 2025 में किया गया, (ii) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा ओडिशा के बारगढ़ में 100 केएलपीडी धान-पुआल-आधारित 2जी इथेनॉल संयंत्र, और (iii) हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) द्वारा पंजाब के बठिंडा में एक अन्य 100 केएलपीडी धान-पुआल-आधारित 2जी इथेनॉल संयंत्र।

(ङ) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने पानीपत में अपने 2जी इथेनॉल संयंत्र के विभिन्न संविदाकारों और उपकरण आपूर्तिकर्ताओं से डिलीवरी और काम में देरी के लिए संविदा के अनुसार मूल्य घटौती अनुसूची (पीआरएस) के तहत 2.84 करोड़ रुपये काटे हैं। आईओसीएल ने प्रौद्योगिकी प्रदाता को देय कुल अनुज्ञप्ति शुल्क 10.5 करोड़ रुपये में से 5.25 करोड़ रुपये भी रोक लिए हैं क्योंकि करार की शर्तों के अनुसार संयंत्र के निष्पादन गारंटी परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा नहीं किया गया है। इसके अलावा, अनुज्ञप्ति धारक कंपनी द्वारा 9.44 करोड़ रुपये की लागत से किए गए बदलाव निःशुल्क किए गए हैं।

*****

अनुलग्नक-I

**‘2जी इथेनॉल संयंत्रों का कार्य-निष्पादन’ के संबंध में दिनांक 05.02.2026 को श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1075 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

पानीपत 2जी रिफाइनरी संयंत्र के व्यय का मद-वार ब्यौरा:

| वर्ग | कुल (करोड़ रुपए) |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रुमेंटेशन, पाइपिंग | 92 |
| उत्प्रेरक और रसायन | 10 |
| उपकरण (फ़िल्टर प्रेस, सामग्री हैंडलिंग प्रणाली, मालिकाना उपकरण, बायोमास हैंडलिंग उपकरण आदि। | 430 |
| सिविल, ई एवं आई, यांत्रिक निर्माण | 319 |
| अनुज्ञप्ति और इंजीनियरिंग, अधिप्राप्ति और निर्माण प्रबंधन (ईपीसीएम) शुल्क | 43 |
| कार्यालय उपकरण एवं फर्नीचर | 1 |
| सड़कें एवं इमारतें | 30 |
| साइट विकास | 6 |
| वैधानिक मंजूरी | 4 |
| निर्माण अवधि व्यय (सीपीई), निर्माण के दौरान ब्याज (आईडीसी), विविध शुल्क | 49 |
| कुल योग | 984 |

अनुलग्नक-II

**'2जी इथेनॉल संयंत्रों का कार्य-निष्पादन' के संबंध में दिनांक 05.02.2026 को श्री लक्ष्मीकान्त पप्पू निषाद द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1075 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

आईओसीएल के 2जी इथेनॉल संयंत्र, पानीपत में इथेनॉल के तिमाही-वार और वर्ष-वार उत्पादन का ब्यौरा:

| तिमाही | त्रैमासिक इथेनॉल उत्पादन (किलो लीटर में) | वार्षिक इथेनॉल उत्पादन (किलो लीटर में) |
|---|---|---|
| अक्टूबर-दिसंबर, 2023 | 129.0 | 685.2 (वित्तीय वर्ष: 2023-24 6 महीने के लिए) |
| जनवरी-मार्च, 2024 | 556.2 | |
| अप्रैल-जून, 2024 | 577.3 | 2,076.6 (वित्त वर्ष:2024-25) |
| जुलाई-सितंबर, 2024 | 430.2 | |
| अक्टूबर-दिसंबर, 2024 | 424.0 | |
| जनवरी-मार्च, 2025 | 645.0 | |
| अप्रैल-जून, 2025 | 642.7 | 1,393.5 (वित्त वर्ष:2025-26 9 महीने के लिए) |
| जुलाई-सितंबर, 2025 | 176.7 | |
| अक्टूबर-दिसंबर, 2025 | 574.0 | |

*****